**सडक़, सुरक्ष और आध्यात्मिकता के सम्मेलन में जुटे देशभर के लोग**

आबू रोड, 14 सितम्बर, निसं। चाहे सडक़ की यात्रा हो या जीवन की यात्रा दोनो में ही सुरक्षा महत्वपणर्ूू है। जीवन कीमती है इसलिए जीवन की सुरक्षा के लिए मन का संतुलन जरूरी है। उक्त उदगार रेलवे मंत्रालय भारत सरकार के पैसेन्जर सर्विस कमेटी के चेयरमैन रमेश चन्द्र रतन ने व्यक्त किये। वे ब्रह्माकुमारीज संस्था के शांतिवन में यातायात एवं परिवहन प्रभाग की ओर से सडक़, सुरक्षा और आध्यात्मिकता विषय पर आयोजित सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हम जल्दीबाजी में अपने मन का संतुलन खो देते है और फिर दुर्घटना में जान जान चली जाती है। इसलिए मन को शांत और संतुलित करना जरूरी है। ब्रह्माकुमारीज संस्थान इस क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। यहॉ के बहनों का त्याग और समर्पण का मिसाल बहुत कम जगह देखने को मिलता है। जो कार्य सरकार को करनी चाहिए वह ब्रह्माकुमारीज संस्थान कर रहा है।

कार्यक्रम में अजमेर डिविजन के डीआरएम राजेश कुमार कश्यप ने कहा कि अध्यात्म की परिभाषा जिसने समझ ली उसी दिन ही उसका कल्याण हो जायेगा। अध्यात्म का अर्थ आत्मा के अध्ययन से है। जिसके अन्दर अध्यात्म की लौ जगी हुई है। वह हर स्थान पर सुरक्षित होगा। ब्रह्माकुमारीज संस्थान में राजयोग ध्यान की प्रक्रिया जिसके जीवन में होगी वह निश्चित तौर पर संतुलित और सुरक्षित होगा।

यातायात एवं परिवहन प्रभाग की अध्यक्षा बीके डॉ0 निर्मला ने कहा कि मन को स्वस्थ और शांत रखने के लिए प्रतिदिन राजयोग का ध्यान आवश्यक है। क्योंकि आध्यात्मिकता ही जीवन को सुखी और आनन्दायी बना सकती है। ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने पूरे विश्व में लाखों लोगों को इसके प्रति जागरूक किया है। ब्रह्माकुमारीज संस्थान की कार्यक्रम प्रबन्धिका बीके मुन्नी ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में राजयोग और अध्यात्म से जुडऩे की अपील की।

कार्यक्रम में प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका बीके दिव्य प्रभा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर गाड़ी चालक राजयोग सीखे जिससे सडक़ दुर्घटनाओं में कमी आये। कई स्थानों पर हुए शोध से रचनात्मक परिणाम आये हैं।

इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी मनीष शर्मा ने कहा कि सडक़ सुरक्षा को लेकर ब्रह्माकुमारीज संस्थान बहुत ही एक्टिव रहती है। जितना जागरूकता का कार्यक्रम सरकार नहीं चलाती उससे ज्यादा तो ब्रह्माकुमारीज संस्थान चलाती है। इसलिए संस्थान का सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में यातायात एवं परिवहन प्रभाग के मुख्यालय संयोजक बीके सुरेश

शर्मा ने सडक़ सुरक्षा के क्षेत्र में हुए जागरूकता के बारे में अवगत कराया।
इस अवसर पर यातायात एवं परिवहन प्रभाग की वरिष्ठ सदस्या बीके कुन्ती, बीके कविता, बीके नीरजा समेत कई लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

ये रहे उपस्थित। इस समारोह में एडीआरएम आदित्य मंगल, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबन्धक जसराम मीना, वरिष्ठ डीसीएम महेश जवेलिया, मंडल इलेक्ट्रिक इंजिनियर पंकज मीना, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं टेलिफोन मैनेजर दीपक वर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजिनियर बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष विजय गोठवाल, अजयवाला समेत कई लोग उपस्थित थे।